कचांदूर कोविड केयर सेंटर पुनः प्रारंभ, कोरोना के बढ़ते मरीजों को देखते हूये लिया गया फैसला,

भिलाईनगर / चंदूलाल चंद्राकर कचांदूर को कोविड केयर सेंटर के लिये फिर से प्रारंभ किया जा रहा है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण के तहत मरीजों को देखते हुए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर फैसला लिया गया है। प्रारंभिक तौर पर 65 बिस्तर यहां तैयार किया गया है। जिसमें सभी में ऑक्सीजन की व्यवस्था है। मरीजो के देखभाल के लिये चिकित्सकीय टीम भी यहां उपलब्ध रहेगी। आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कचांदूर कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। वहां के कोऑर्डिनेटर परधनिया से उन्होंने तैयारियां की समीक्षा की। शौचालय , बिस्तरों की संख्या , ऑक्सीजन की उपलब्धता एवं कंट्रोल रूम , पेयजल इत्यादि की व्यवस्था देखी। उल्लेखनीय है कि कोरोना के मरीजों में लगातार वृद्धि हो रही है ऐसे में संक्रमण के प्रभावी रोकथाम के लिये शासन प्रशासन ने अपनी ताकत झोक दी है। प्रशासन कोरोना मरीजो को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का भरपूर प्रयास कर रहा है। ऐसे में बेड की कमी न हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। जिसके चलते कचांदूर कोविड केयर सेंटर को पुनः चालू किया जा रहा है। निगम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां पर व्यापक व्यवस्था की जा रही है। मरीजों के इलाज के लिये जरूरी सुविधा मुहैया कराने कोविड केयर सेंटर को अपडेट किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों का जायजा लेने आज निगम आयुक्त श्री रघुवंशी पहुंचे थे उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान जोन 02 आयुक्त पूजा पिल्ले मौजूद रही।